PRESS - RELEASE

जिला सवाई माधोपुर

वार :–सोमवार   दिनांक :– 09.01. 2017

पुलिस व परिवहन विभाग मना रहा है सडक सुरक्षा सप्ताहः–

श्री दशरथ सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्री पी0आर0 जाट जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात प्रभारी श्री माधोसिंह उ0नि0 द्वारा साहूनगर स्कूल में छात्र एवं छात्राओं का यातायात नियमों की प्राथमिक जानकारी दी गई व दोपहर 1.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में श्री दशरथ सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सडक सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर सडक सुरक्षा संगोष्ठी का आयेजन किया गया जिसमें जिला परिवहन अधिकारी सवाईमाधोपुर , पुलिस अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधियों को सडक सुरक्षा सप्ताह के दौरान बढ चढ कर सहयोग करनें व आमजन को यातायात नियमों की पालना करनें हेतु प्रेरित करनें के लिये निर्देशित किया। जिले में होनेवाली सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही अमल में लानें की आवश्यकता बतायी। श्री पी0आर0 जाट जिला परिवहन अधिकारी द्वारा ट्रेक्टरों व ट्रकों पर डेक मशीन बजाकर ध्वनी प्रदूषण करनें वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनें की आवश्यक्ता जतायी है। इस अभियान के दौरान दुपहिया वाहनो पर हेलमेट नही लगानें वाले व चौपहिया वाहन चालको द्वारा सीट बैल्ट नही लगानें वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही पुलिस द्वारा की जावेगी। सांयकाल के समय सडक सुरक्षा सप्ताह के मद्देनजर श्री सुभाष मिश्रा वृत्ताधिकारी शहर वृत्त नें हम्मीर सर्किल पर यातायात कर्मियों के साथ मिलकर हेलमेट व सीटबैल्ट नहीं लगानें वाले वाहन चालकों को समझाइस की गयी व उपस्थित लोगों से यातायात नियमों की पालना करनें की अपील की।